विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारत के लिए इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पारी की शुरुआत करना चाहिए। विराट कोहली 40 बॉल पर 100 रन भी बना सकते हैं।

– सौरव गांगुली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — राफेल नडाल

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1988 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

जायसवाल के शतक और संदीप के पंजे से हारा मुंबई

राजस्थान की लगातार तीसरी जीत, मुंबई को 9 विकेट से हराया

जयपुर, 22 अप्रेल। राजस्थान रॉयल्स ने -2024 में दूसरी बार लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने सीजन के 38वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया। यह राजस्थान की 17वें सीजन में 7वीं जीत रही, इसी के साथ रॉयल्स की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई। दूसरी ओर मुंबई ने 5वां मुकाबला गंवाया।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सोमवार को मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन बनाए। राजस्थान ने 180 रन का टारगेट 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

से ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 60 बॉल पर नाबाद 104 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 7 छक्के जमाए। जोस बटलर ने 35 और कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया। से पीयूष चावला को एक विकेट मिला। मुंबई से तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 3 छक्कों से सजी 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि नेहल वाधेरा 49 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी ने 23 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से संदीप शर्मा ने 5 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट को 2 विकेट मिले। युजवेंद्र चहल ने एक विकेट लिया।

आज यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और

उसने रोहित शर्मा (6) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में इशान किशन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। सूर्यकुमार यादव (10) रन बनाकर आउट हुये। उसके बाद तिलक वर्मा और मोहम्मद नबी ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

नबी ने 17 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 23 रन बनाये। उन्हें चहल ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। नेहाल वढेरा ने तिलक के साथ पांचवें विकेट लिये 99 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को मजबूती दी। नेहाल वढ़े रा ने 24 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 49 रन बनाये। उन्हें बोल्ट ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) को आवेश खान ने पगबाधा आउट किया। तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 65 रनों की पारी खेली। टिम डेविड (तीन) रन बनाकर आउट हुये। पीयूष चावला (1) और जसप्रीत बुमराह (2) रन बनाकर नाबाद रहे। संदीप शर्मा की घातक गेंदबाजी मुंबई की टीम को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 179 रन का स्कोर रोक दिया।

शतरंज में ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने रचा इतिहास

17 साल की उम्र में तोड़ा 40 साल पुराना रिकॉर्ड

डी. गुकेश की सफलता पर पीएम मोदी ने दी बधाई

टोरंटो, 22 अप्रेल। टोरंटो में चल रही कैंडिडेट्स शतरज टूर्नामेंट में भारत की 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने इतिहास रच दिया है। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी धस्त कर डाला। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। वर्ल्ड चैंपियनशिप के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से 9 अंक रहे। अब वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये चुनौती दी थी।

टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पीएम मोदी ने दी बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भावी विश्व चैंपियन बताया है। बता दें कि, गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट जीता और 17 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विश्व चैलेंजर भी बन गए।

वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है।

उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा कि, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथनआनंद ने एक्स पर लिखा कि, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो।

चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा कि, क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो। इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा।

महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रही भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने लिखा, '' डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'' द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रामाचंद्रन रमेश ने कहा ,'' युवा डी गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। प्रेरक प्रदर्शन। पूरे देश को तुम पर गर्व है। भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वर्ल्ड खिताब के लिए सबसे काम उम्र के चैलेंजर बन गए। नवंबर में ताज के लिए उनका मुकाबला मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से होगा।

2024 कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर, डी गुकेश ने 48,000 यूरो यानी करीब 42.6 लाख रुपये जीते। उन्होंने प्रत्येक आधे अंक के लिए 3.500 यूरो और जमा किए। चूंकी वह 9 अंकों के साथ समाप्त हुआ, इसके चलते उनके पास अतिरिक्त 63,000 यूरो यानी 56 लाख रुपये आए हैं। कुल मिलाकर उन्होंने 98 लाख की ईनामी राशि जीती।

डुप्लेसी और सैम कुरेन पर लगा जुर्माना

नयी दिल्ली, 22 अप्रेल। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाये गए थे। आईपीएल ने एक बयान में कहा ,'' रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' यह आरसीबी का सत्र का पहला अपराध था। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिये मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है।

युकी भांवरी ने टेनिस में जीता युगल खिताब

म्यूनिख, 22 अप्रैल। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में रविवार को गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

अभी हमारा लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी है : मोहसिन नकवी

कराची, 22 अप्रेल। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है। लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, ''देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'' उन्होंने कहा, ''फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा।

चोटिल मिचेल मार्श आईपीएल से हुए बाहर

नयी दिल्ली, 22 अप्रैल। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गये है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को यहां कहा कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श आईपीएल 2024 के शेष भाग में हिस्सा नहीं लेंगे। मार्श फिलहाल दाहिनी हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबर रहे हैं। इस चोट से उबरने के बाद वह भारत नहीं लौटेंगे और ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे।

मार्श क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चिकित्सीय दल से परामर्श करने के लिए 12 अप्रैल को पर्थ वापस चले गए थे।

आईपीएल में वह वापसी करेंगे या नहीं करेंगे, इस फैसले को लेने में थोड़ी देर हुई, क्योंकि मार्श को ठीक होने और उनकी चोट को पुनर्मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जा रहा था।

पोंटिंग ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह वापस आएंगे। सीए चाह रहा था कि मार्श की चोट की रिकवरी ऑस्ट्रेलिया में ही हो। इसी कारण से हमने उन्हें वापस घर भेज दिया था। सीए के मेडिकल स्टाफ कुछ हफ्तो से उनके रिहैब पर काम कर रहे हैं। मैंने मार्श से हाल ही में बात की थी और ऐसा लगता है कि उस चोट से उबरने में उन्हें अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है। हालांकि मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

ऐसा माना जा रहा कि मार्श आगामी टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श ने इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले चार मैचों में 61 रन ही बनाए। तीन पारियों में उनका उच्च स्कोर 23 का था। इसके अलावा उन्होंने आठ ओवर की गेंदबाजी करते हुए, 12.87 की इकॉनमी रेट से एक विकेट लिया। यह लगातार दूसरा सत्र है जब मार्श को सीजन के बीच में ही टीम छोड़ना पड़ा है। उन्होंने 2023 में भी दिल्ली कैपिटल्स के लिए केवल नौ मैच खेले थे। डीसी तीन जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। हालांकि अभी भी उन्हें छह मैच और खेलने हैं और वे प्लेऑफ की दौड़ में बने हुए हैं।

विटैलिटी काउंटी चैम्पियनशिप में करुण नायर ने जड़ा दोहरा शतक

नॉर्थेप्टनशायर, 22 अप्रैल। विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में ग्लमॉर्गन के खिलाफ करूण नायर के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत नॉर्थेप्टनशायर ने मैच पर अपनी स्थिति मजबूत पकड़ बना ली है। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज करूण नायर ने 253 गेंद में नाबाद 202 रन बनाए। उनके दोहरे शतक के बाद टीम ने 334 रनों की बढ़त के साथ छह विकेट पर 605 रन पर पारी घोषित की। नायर ने छठे विकेट के लिए सैफ जैब के साथ 212 रनों की साझेदारी की। इस दौरान जैब ने भी अपने इस सत्र का पहला शतक बनाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रिकार्डो वासकॉनसेलोस ने भी 182 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मेहमान टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिए है और ग्लमॉर्गन अभी भी 230 रन पीछे हैं। अगर आज बारिश होती है तो ग्लमॉर्गन के पास हार टालने का एक अवसर होगा। एक समय मेजबान टीम 82 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी ऐसे समय में नायर ने 55 रनों के साथ तीसरे दिन की शुरुआत की और जैब ने उनका अच्छा साथ दिया। नायर लगातार ग्लमॉर्गन के गेंदबाजों के प्रति आक्रामक रहे और अपने करियर में तीसरी बार दोहरा शतक लगाया।

भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रॉयल जीता

दुंबई, 22 अप्रेल। भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी)में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया।

उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया। ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिदम सांगवान (24) चौथे और अभिंद्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रही।

अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई, 22 अप्रेल। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा।

चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे।

तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।

मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नयी दिल्ली, 22 अप्रैल। भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा, जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की। उन्होंने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है।

कैरेबिया में आईपीएल की तुलना में पिचें धीमी होगी : वॉर्नर

नयी दिल्ली, 22 अप्रेल। मौजूदा आईपीएल के दौरान सपाट पिचों ने एंकर बल्लेबाज (एक छोर संभालकर खेलने वाला बल्लेबाज) की भूमिका को कुछ हद तक अप्रासंगिक बना दिया है लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का कहना है कि ऐसे खिलाड़ी टी20 विश्व कप के दौरान अहम भूमिका निभाएंगे क्योंकि कैरेबिया में धीमी और स्पिन लेती पिचें सभी बल्लेबाजों की परीक्षा लेंगी।

भारत के विराट कोहली और लोकेश राहुल पारंपरिक दृष्टिकोण वाले ऐसे खिलाड़ी हैं जो आक्रामक होकर खेलने से पहले अपनी पारी का मंच तैयार करते हैं जबकि ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, जोस बटलर और जेक-फ्रेजर मैकगर्क जैसे खिलाड़ी शुरुआत से लेकर अंत तक आक्रामक रुख अख्तियार करते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या आईपीएल के बल्लेबाजी रवैये को विश्व टी20 में दोहराया जा सकता है तो वार्नर ने नकारात्मक जवाब दिया।

वार्नर ने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा, ''वे (वेस्टइंडीज की पिचें) धीमी हो सकती हैं और वे थोड़ा टर्न लेंगी। मुझे नहीं लगता कि वे उतनी सपाट होंगी जितनी

वे यहां हैं। आप जानते हैं, मैंने वहां बहुत सारी क्रिकेट खेली है। वहां मैं सीपीएल (कैरेबियाई प्रीमियर लीग) में खेला हूं। विकेट पर गेंद थोड़ी नीची रहेगी और धीमी आएगी।'' उन्होंने कहा, ''यहां तक कि जब हम 2010 विश्व कप में वहां खेले थे तब भी वहां की पिचें बड़े स्कोर वाली नहीं थीं। तब आपको एक एंकर की जरूरत थी। माइक हसी जैसा खिलाड़ी आया और उसने हमारे लिए रन बनाए। उसे टिककर खेलना पड़ा।'' ऑस्ट्रेलिया 2010 टी20 विश्व कप में उप विजेता रहा था। वार्नर ने कहा, ''वहां यह पूरी तरह से अलग होगा। प्राकृतिक तत्वों को भी जोड़ें। वहां मुख्य रूप से दिन में मैच होंगे। इसलिए यह एक बड़ा कारक है।''

उन्होंने कहा, ''तो गेंद निश्चित रूप से कम से कम वहां भारत की तरह स्विंग नहीं होगी। यहां पहले चार या पांच ओवरों के लिए गेंद स्विंग कर सकती है और यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कैरेबिया में पिचें सूखी हैं, गेंद पुरानी हो जाएगी और स्पिन लेगी।'' अभिषेक शर्मा ने 12 गेंद में 46 रन बनाए, जेक-फ्रेजर मैकगर्क ने 15 गेंद में 50 रन बनाए और ट्रेविस हेड ने सिर्फ 39 गेंदों में 100 रन बनाए, वार्नर को लगता है कि जब तक दुनिया भर में टेस्ट मैचों की तरह अच्छी अनुकूल गेंदबाजी स्थितियां नहीं मिलतीं तब तक अच्छे गेंदबाज अच्छे बल्लेबाजों को आउट नहीं कर पाएंगे। इस सत्र में हैदराबाद के शीर्ष तीन स्कोर 287, 277 और 266 हैं जो टी20 में बल्लेबाजी में पूरी तरह से बदलाव का संकेत है।

विराट कोहली पर लगा मैच फीस का 50% जुर्माना

इडन गार्डन, 22 अप्रेल।। आईपीएल में रविवार को हुए केकेआर और आरसीबी मैच के दौरान विराट कोहली का विकेट चर्चा में रहा, इसके बाद क्रिकेट जगत के लोग भी दो भागों में बंटे हुए नजर आए। कोई इस विकेट को सही बता रहा है तो कई पूर्व क्रिकेटर इसे गलत बताते हुए अंपायरिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विकेट के बाद विराट कोहली ने गुस्से में अंपायर से बात की और डगआउट में जाकर बैट को पटका और इसके बाद डस्टबिन पर भी जोर से मारा। इन सबके बाद बीसीसीआई ने विराट कोहली को सजा सुनाई है। दरअसल, मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए विराट कोहली पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। बता दें कि, विराट कोहली को एख वेस्ट हाईट वाली गेंद पर कैच आउट दे दिया गया था। गेंद का जब इम्पैक्ट बल्ले के साथ था तो गेंद वेस्ट हाईट से ऊपर थी। हालांकि, क्रीज को देखें तो गेंद उनकी वेस्ट हाईट से नीचे जा रही थी। इस तरह हर्षित राणा की गेंद वेस्ट हाईट से नीचे थी और नियमों के मुताबिक विराट कोहली आउट थे, लेकिन विराट को ये स्वीकार नहीं था और वे अंपायर से भिड़ गए थे कि उनका इम्पैक्ट जब हुआ तो गेंद काफी ऊपर थी।